सरकारी स्कूल का कायाकल्प, दिन भर देखने वालों की भीड़

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
rajasthanpatrika.com

अलवर. श्रम राज्य मंत्री टीकाराम जूली ने राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय जवाड नरूका (मालाखेड़ा) में सहगल फाउंडेशन की ओर से लगभग 22 लाख रूपये की लागत से कराए गए रिनोवेशन कार्यों का लोकार्पण एवं समसा की ओर से 20 लाख रूपए की लागत से निर्मित होने वाले दो कक्षा - कक्षों का शिलान्यास किया। इस स्कूल का कायाकल्प हो गया है जिसकी चित्रकारी और अन्य निर्माण कार्यों को लोग देखने आने लगे हैं।

उन्होंने ग्रामीणों की मांग पर रा.उ.मा.वि बीजवाड नरूका में 6 कक्षा कक्ष बनवाने, ग्राम बीजवाड़ में विकास कार्यों के लिए 10 लाख रूपए विधायक कोष से देने तथा ग्राम बीजवाड़ में ही पेयजल समस्या को दूर करने के लिए दो बड़ी बोरिंग स्वीकृत कराने, ग्राम सोहनपुर से बीजवाड़ नरूका तक की सड़क की मरम्मत कराने, मालाखेड़ा से नटनी का बारा तक की सडक की मरम्मत कराने की घोषणा की। प्रधानाचार्य प्रियंका जयसवाल ने विद्यालय का वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। इस अवसर पर सरपंच रत्तीराम बैरवा, शिवलाल गुर्जर, प्रेम पटेल, शम्म खॉ, महेश पटेल सहित अने प्रबुद्ध व्यक्ति एवं भारी संख्या ग्रामीण उपस्थित थे।

Government school renovated, attracts lots of visitors

Date and Publication: June 27, 2019; Rajasthan Patrika

Labor minister, Sh Teekaram Juli inaugurated the government senior secondary school in Beejwar Naruka that has been renovated at a cost of Rs 22 lakhs. The renovated school with wall paintings and drawings is attracting a lot of visitors. The school principal presented the annual activities of the school at the inauguration event. Present at the occasion, the minister, announced to initiate work on the proposals put forth by villagers and school authorities, including construction of new classrooms, sanction of funds for development work in the village, water infrastructure, and others.